तापमान
अधिकतम 39 .2 डिग्री
न्यूनतम 24 .2 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार, 9 जुलाई 2025

11 55 करोड़ रुपये से 14 नए सरकारी भवनों का ...



12 जीएनजी ग्रुप ऑफ कॉलेज के ट्रस्टियों पर ...



## खबर संक्षेप

### हत्या मामले में वांछित मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस ने हत्या मामले में वांछित मुख्य आरोपी आरोपी रोहित कुमार उर्फ दीपू वासी गऊचराण पिहोवा को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 1 देसी पिस्टल,1 देशी कट्टा व 3 जिंदा रौंद बरामद करने में सफलता हासिल की है। पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि रोहित कुमार उर्फ दीपू वासी गऊचराण पेहवा के पास अवैध असला है जो सैक्टर-10 मार्किट के पार्किंग में किसी के इंतजार में खड़ा है। अगर सेक्टर-10 मार्किट के पास बनी पार्किंग में पहुंचकर निगरानी की जाए तो रोहित अवैध असले सहित काबू कर लिया।

### महिला ने संदिग्ध हालात में जहर खाया

**पानीपत।** पानीपत के कच्चा काबड़ी फाटक क्षेत्र में निवास कर रही बिहार प्रवासी विवाहिता ने संदिग्ध हालात में जहर खा लिया। विवाहिता को उसके पति ने पानीपत के सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां महिला की हालत स्थिर बनी हुई है। वहीं, पता चला है कि महिला ने घरेलू कलह के चलते जहर का सेवन किया है। इधर, सिविल अस्पताल प्रशासन ने इस मामले की जांच के लिए पुलिस विभाग में रूक्का भिजवाया है।

### मादक पदार्थ के साथ तस्कर पकड़ा



**इसराना।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने जींद हाइवे पर नारा नाका पर नाकाबंदी कर परमजीत पुत्र चन्न निवासी गांव रोड जींद को 52.02 ग्राम हेरोइन मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित सरोहा ने बताया कि ड्यूटी मजिस्ट्रेट ईटीओ डॉ. अजय की मौजूदगी में परमजीत से हेरोइन बरामद की गई है। वहीं, आरोपी पर थाना मतलौडा में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया और कोर्ट से सात दिन के रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान परमजीत से जानकारी लेकर उसके साथियों को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

### इसराना में युवक का अपहरणकर्ता पकड़ा

**इसराना।** थाना इसराना पुलिस ने पानीपत के गांव परढ़ाना में अड्डे से घर लौट रहे अमन पुत्र राजरूप का अपहरण कर मारपीट करने के दूसरे आरोपी रवि को गिरफ्तार किया गया है। थाना इसराना प्रभारी इंस्पेक्टर महीपाल ने बताया कि इस मामले में रामरूप की शिकायत पर सात आरोपियों पर केस दर्ज है। वहीं फरार पांच आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## कंप्यूटर टेली क्लास लगाने के बाद दोनों युवतियां पार्क में आई थी घूमने

# अंबाला के महावीर पार्क के तालाब में डूबने से दो युवतियों की मौत

### बचाने की बजाय मोबाइल से वीडियो बनाते रहे प्रत्यक्षदर्शी

- तालाब में वीडियो बनाते समय हादसा होने का शक
- डूबती लड़कियों को बचाने के लिए शख्स ने लगाई छलांग
- बेहोशी की हालत में युवतियों को बाहर निकाला, जांच में चिकित्सकों ने मृत घोषित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के महावीर पार्क के तालाब में डूबने से 2 लड़कियों की मौत हो गई। दोनों लड़कियां यहां कंप्यूटर कोर्स करने आईं थी। सुबह 2 घंटे की क्लास लगाने के बाद दोनों पार्क घूमने चलीं गईं। बताया जा रहा है कि जब लड़कियां डूब रही थी तो बाहर खड़े लोग उन्हें बचाने की बजाय वीडियो बना रहे थे। हालांकि एक शख्स लड़कियों को बचाने के लिए तालाब में छलांग लगा दी। जब दोनों को तालाब से बाहर निकाला गया तो वे बेहोश थीं। नागरिक अस्पताल में जांच के दौरान चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटना के बाद पार्क को बंद कर दिया है। अब चश्मदीदों से पूछताछ हो रही है। जांच के दौरान पता चला कि तालाब में डूबकर जान गंवाने वाली लड़कियां सुल्तानपुर स्थित शिवपुरी कॉलोनी की अंजलि (17) और गांव बरनाला की जैसमीन (17) हे। दोनों कंप्यूटर टेली का कोर्स कर रहीं थी। उन्होंने मंगलवार सुबह 9 से 11 बजे तक कंप्यूटर टेली की क्लास की। इसके बाद दोनों अग्रसेन चौक के पास स्थित महावीर पार्क में घूमने आ गईं। दोपहर करीब 12 बजे अचानक वहां टहल रहे लोगों ने उनकी चिल्लाने की आवाज सुनी। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि दोनों लड़कियां पार्क में घूमते वक्त एक दूसरे की वीडियो बना रहीं थी। दोनों ने अपने जूते और चुनरी भी उतार दी थी।



अंबाला। युवतियों के शव पोस्टमार्टम के लिए ले जाते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

#### किसी ने बचाने की कोशिश नहीं की

माना जा रहा है कि वीडियो बनाते वक्त पहले एक लड़की पानी में गिरी और डूबने लगी। फिर उसे बचाने के लिए दूसरी लड़की ने भी पानी में छलांग लगा दी। तालाब की गहराई ज्यादा होने के कारण वे बाहर नहीं निकल सकी और डूबने लगी। लड़कियों को तालाब से बाहर निकालने वाले शख्स ने बताया कि जब वह मौके पर पहुंचा तो दोनों लड़कियां डूब चुकी थी। तालाब के किनारे बहुत सारे लोग खड़े थे लेकिन किसी ने भी दोनों लड़कियों को बचाने की कोशिश नहीं की। सब वीडियो ही बनाते रहे। लड़कियों को डूबता देख वह तुरंत तालाब में कूद गया। दोनों को बाहर निकाल लाया तब तक दोनों बेहोश हो चुकी थी। फिर दोनों को अस्पताल लाया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। तालाब के पास ही युवतियों जूते पड़े हुए हैं। जिस वक्त युवतियां पार्क में वीडियो बना रहीं थीं उस वक्त उन्होंने पार्क में ही जूतों को उतार दिया था। लड़कियों की मौत की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी ली। साथ ही सावधानी के तौर पर पार्क को बंद करा दिया गया।

#### पार्क बंद किया

पार्क बंद करने का वहां घूमने आए लोगों ने विरोध किया लेकिन पुलिस ने घटना का हवाला देकर उन्हें समझाया। बता दें कि महावीर पार्क अंबाला शहर का ऐतिहासिक पार्क है। यहां तालाब के साथ साथ बच्चों के खेलने की भी सुविधा है। इस पार्क का सुंदरीकरण का काम वर्ष 2017 में शुरू हुआ था, जो अभी तक चल रहा है।इस घटना की सूचना मिलते ही दोनों के परिजन रोते-बिलखते अस्पताल पहुंचे। अंजलि के पिता रमेश कुमार ने बताया कि दोनों लड़कियां पढ़ने में काफी होशियार थी। वे अपनी मर्जी से ही अंबाला शहर की एक कोचिंग कंप्यूटर टेली का कोर्स कर रहीं थी। दोनों घर से कोचिंग के लिए आती थी। कभी पार्क जाने की बात दोनों ने परिवार को कभी नहीं बताई। जांच अधिकारी मनेंद्र सिंह ने बताया कि उनको डायल 112 को सूचना मिली थी कि दो लड़कियों ने पार्क में छलांग लगाई है। इस पर पुलिस और एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। मामले की जांच की जा रही है। एक लड़की को एम्बुलेंस और दूसरी को पुलिस की गाड़ी में अस्पताल में ले जाया गया। डॉक्टरों द्वारा दोनों को मृत घोषित कर दिया गया।पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के हवाले किए जाएंगे।

## कुवि: एम लिब व बी एड स्पेशल एजूकेशन की प्रवेश परीक्षा संपन्न

### दो कोर्स के लिए 80 फीसदी आवेदक पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में दाखिले को लेकर चल रही प्रवेश परीक्षा के अंतिम दिन मंगलवार को 230 परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र पर पहुंचे। केयू कैम्पस के विभागों/संस्थानों में सत्र 2025-26 के लिए यह परीक्षाएं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुईं। इसके लिए दो परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों ने अपनी परीक्षा दी। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने जानकारी देते हुए बताया कि कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में केयू के विभिन्न विभागों व संस्थानों में वर्तमान सत्र में दाखिले को लेकर चल रही प्रवेश प्रक्रिया 23 जून से शुरू हुई थी जोकि आज 8 जुलाई तक शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुईं। मंगलवार को दो कोर्सेज को लेकर प्रवेश परीक्षाओं का आयोजन किया गया जिसमें सुबह 10 बजे एम.लिब. (2 वर्षीय) की परीक्षा ली गई। इस परीक्षा के लिए कम्युनिटी सेंटर ब्लॉक एक को परीक्षा केन्द्र बनाया गया जिसमें 64 परीक्षार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि इन सभी प्रवेश परीक्षाओं में नियमित तौर पर केन्द्र अधीक्षकों व पर्यवेक्षकों को भी नियुक्त किया गया ताकि सभी परीक्षाएं नकल रहित व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हो सकें। दोपहर 12.30 बजे बी.एड स्पेशल एजुकेशन कोर्स की प्रवेश परीक्षा संचालित की गई। यह परीक्षा विधि संस्थान में आयोजित हुई जिसमें 166 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। इस परीक्षा के लिए 196 अभ्यर्थियों ने नियमित पोर्टल पर आवेदन किया।

### सीसीटीवी में वारदात कैद

## 50 हजार की नकदी से भरा बैग लेकर चोर फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला कैंट के बाजार में एक दुकान से दिनदहाड़े चोरी की घटना सामने आई है। एक युवक ने दुकान से दुकान मालिक का बैग उठा लिया और वहां से फरार हो गया। मामले की जानकारी अंबाला कैंट पुलिस को दी गई है। पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है।जानकारी के अनुसार अंबाला कैंट के सब्जी मंडी चौक के पास गुलाटी पूजा स्टोर के मालिक नीरज गुलाटी अपनी दुकान खोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने अपना पैसों से भरा बैग शटर के पास ही टांग दिया। इस दौरान एक युवक आकर उनका बैग उठा कर ले गया। यह मामला सीसीटीवी में कैद हो गया है। दुकान मालिक नीरज गुलाटी ने बताया कि उनके बैग में तकरीबन 50 हजार रुपए कैश रखा था। वो पेमेंट करने वाले थे। उन्होंने बताया कि वे मंगलवार को ही माल देने वालों का पेमेंट करते हैं। लेकिन उससे पहले ही चोर उस बैग को लेकर फरार हो गया। नीरज गुलाटी ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

## सरकारी डॉक्टर को हनी ट्रैप में फंसाया महिला वकील समेत चार पर पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

- एसपी ने डीएसपी से पूरे मामले की रिपोर्ट मांगी

पानीपत में महिला वकील ने अपनी मित्र व इसके दो साथियों के साथ मिल कर पानीपत स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक को हनीट्रैप में फंसा लिया और दुष्कर्म के केस में फंसाने की धमकी देकर चिकित्सक से 11 लाख रूपये की मांग की। वहीं, चिकित्सक ने इस मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने गुप्त रूप से इस मामले की जांच की और महिला वकील, इसकी दोस्त, दो पुरूषों कुल चार लोगों पर बीएनएस 308(2), 308(6) के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इधर, पुलिस को दी शिकायत में कथित पीडित चिकित्सक ने बताया कि करीब 10 दिन पहले पानीपत की गोहाना रोड पर उनका जानकार, दो महिलाओं के साथ खडा मिला था। जानकारी ने चिकित्सक का परिचय दोनों महिलाओं से करवाया। इनमें से एक महिला वकील है ओर दूसरी उसकी दोस्त है। दोनों महिलाओं ने चिकित्सक से स्वास्थ्य संबंधी टिप्स लेने की बात कहते हुए उसका मोबाइल नंबर ले लिया। वहीं अगले दिन महिला वकील ने उसे फोन किया और इलाज को लेकर कुछ बातचीत की। इसके बाद लेडी वकील की सहेली का फोन उसके पास आया। उसने स्वयं को बीमार बता कर उन्हें अपने फ्लैट पर बुलाया। चिकित्सक शाम को उसके फ्लैट पर चला गया। महिला ने चिकित्सक को फ्लैट दिखाने के बहाने बेडरूम में ले गई और कपड़े उतरवाकर संबंध बनाने के लिए कहा। इसी दौरान दो युवक कमरे के भीतर घुस आए। दोनों ने वहां आते ही चिकित्सक का मोबाइल फोन छीन लिया और मारपीट की। आरोपियों ने चिकित्सक को दुष्कर्म के केस में फंसाने की धमकी देकर 11 लाख रूपये मांगें। इधर, तीनों आरोपियों ने महिला वकील से खुद भी और उसकी भी फोन पर बात करवाई। महिला वकील ने चार लाख रूपये की मांग की। चिकित्सक बहाना कर वहां से निकल आया। वहीं आरोपियों ने व्हाट्सऐप कॉल कर चिकित्सक को धमकाया और रूपये मांगें। इधर, चिकित्सक ने पुलिस ने शिकायत दे दी। इधर, इस मामले को पानीपत पुलिस गंभीरता से लेकर जांच कर रही है।

## किराना स्टोर संचालक पर गाय से क्रूरता करने का आरोप, राष्ट्रीय गोरक्षा दल कार्रवाई की मांग

**यमुनानगर।** जिले के कस्बा साढौरा में एक करियाना स्टोर संचालक पर गाय के साथ कूररता करने का आरोप लगा है। आरोप है कि आरोपी दुकानदार ने गाय के प्राइवेट पार्ट में लोहे की रॉड डाल दी। जिससे उसकी बच्चेदानी फट गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। राष्ट्रीय गोरक्षा दल के सदस्यों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय गोरक्षा दल के महासचिव गांव कनिपला निवासी लेखराज ने साढौरा पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि साढौरा में एक करियाना स्टोर संचालक ने गाय पर हमला कर दिया है। आरोपी दुकान संचालक ने शटर उठाने वाली लोहे की रॉड को गाय के प्राइवेट पार्ट में डालकर उसे छोड़ दिया गया। जिससे गाय को गंभीर चोटें आई और उसकी बच्चेदानी फट गई। उन्होंने मौके पर पहुंचकर गाय को तुरंत छछरौली के पशु अस्पताल में लेकर गए। वहां गाय की हालत गंभीर होने के कारण पशु चिकित्सकों ने उसे झज्जर पशु चिकित्सा महाविद्यालय रेफर कर दिया। जहां उसका इलाज चल रहा है। उन्होंने आरोपी दुकानदार संचालक के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। सढौरा थाना प्रभारी ने बताया कि उन्हें मामले के बारे में शिकायत प्राप्त हुई है। अभी मामले की जांच कर रहे हैं।

### रेहड़ी व कई दुकानदार डस्टबिन का प्रयोग भी नहीं करते मिले

## गंदगी फैलाने व पॉलीथिन का प्रयोग करने पर नप ने 49 दुकानदारों के किए चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

नगर परिषद की टीम ने पॉलिथीन और गंदगी फैलाने वालों पर शिकंजा कसते हुए करीब 49 दुकानदारों के चालान किए है। मुख्य सफाई निरीक्षक जितेंद्र नरवाल ने कहा कि उन्हें लगातार शिकायतें मिल रही थी कि दुकानों पर खुलेआम प्लास्टिक व पॉलीथिन का प्रयोग किया जा रहा है, इसके अलावा रेहड़ी व कई दुकानदार डस्टबिन का प्रयोग भी नहीं करते। इसलिए उनके द्वारा चालान काटने की कार्रवाई अमल में लाई गई है। उन्होंने दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी दुकान पर डस्टबिन नहीं मिला और पॉलिथीन का प्रयोग करते हुए मिला तो अब चालान के साथ-साथ सामान जब्त करने की कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। जितेंद्र नरवाल ने कहा कि



दुकानदार की चालान करते हुए।

पिछले करीब एक सप्ताह से उन्होंने शहर के कई क्षेत्रों में चालान काटे हैं जिसमें मुख्य रूप से पिपली से थर्ड गेट, मोहन नगर, सेक्टर-13, सेक्टर-5, सेक्टर-17, रेलवे रोड, झांसा रोड व सलारपुर रोड स्थित अनाज मंडी के सामने का एरिया है। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के दौरान करीब 49 चालान काटे गए हैं जिनमें से पॉलिथीन के 30, प्लास्टिक 5 व गंदगी फैलाने के 14 चालान हैं। इस दौरान दुकानदारों से चालान की राशि के रूप में करीब 45 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। उन्होंने कहा कि दुकानदार सरकार द्वारा तय किए गए मानकों के आधार को पूरा करने वाला थैला ही खरीदें और उनमें ही ग्राहकों को सामान दें। उन्होंने लोगों से भी अपील की कि वे घरों से थैला लेकर आए। इस अवसर पर उनके साथ सफाई निरीक्षक प्रदीप कुमार, सुपरवाईजर राजेश कुमार, राजन व सफाई दरोगा की टीम मौजूद रही।

## महिला पदाधिकारी ने प्रधान पर लगाए अश्लील वीडियो भेजने के आरोप

- पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी

**यमुनानगर।** यमुनानगर में एक यूनियन की महिला पदाधिकारी ने प्रधान पर उसके मोबाइल पर अश्लील वीडियो मैसेज भेजने व उसके साथ अवैध संबध बनाए के लिए दबाव बनाए जाने का आरोप लगाया है। महिला पदाधिकारी ने मना करने पर उसे जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शहर जगाधरी की एक कॉलोनी निवासी 32 वर्षीय महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह कोर्ट में मजदूरों की केस फाइल के संबंध में कार्य करती है। आरोपी अतर सिंह भी मजदूरों के केस की फाइलों को देखने का कार्य करता है। आरोपी एक यूनियन का प्रधान है। जबकि यूनियन में उसे भी पदाधिकारी बनाया गया है।

## युवक ने दिया शादी का झांसा, युवती गर्भवती हुई तो कर दिया इंकार, केस

- आरोपी ने अपने प्रेम जाल में फंसा कर उसके पहले पति से तलाक करवा दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

साढौरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने युवक पर उसे शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। अब पीड़िता छह माह की गर्भवती है। आरोप है कि आरोपी ने अपने प्रेम जाल में फंसा कर उसके पहले पति से तलाक करवा दिया। मगर अब आरोपी ने उसे शादी करने से मना कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। साढौरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 24 वर्षीय महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पांच भाई बहन है। उसके पिता की मौत हो गई थी। उसकी मां ने 25 नवंबर 2020 को उसकी शादी यमुनानगर के एक गांव निवासी युवक से करवाई थी। उसका पति कालाआम स्थित फैक्ट्री में काम करता था। वह शादी के बाद उसे अपने साथ कालाआम में लेकर चला गया। जहां पर वह किराये के मकान में रहने लगे। शादी के बाद उनके पास कोई बच्चा नहीं हुआ। इस दौरान उसकी मुलाकात जिला अंबाला के डेरा हमीदपुर निवासी सुनील के साथ हुई। आरोपी ने उसे अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। जिसके बाद आरोपी उसे एक होटल में लेकर गया। जहां आरोपी ने उसे कहा कि वह अपने पति से तलाक लेकर उससे शादी कर ले। वह उससे शादी करना चाहता है। इस दौरान आरोपी ने उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ संबंध बनाए। इस प्रकार उसने अपने पति से तलाक ले लिया। जिसके बाद आरोपी उससे संबंध बनाता रहा। जिससे वह गर्भवती हो गई। जब उसने आरोपी को शादी करने से लिए कहा तो आरोपी ने उसे शादी करने से मना कर दिया। गर्भवती होने के बाद उसकी तबीयत खराब हो गई।

## नशीला पदार्थ रखने के दोषी को 15 साल की कैद

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायधीश स्पैशल कोर्ट एनडीपीएस एक्ट की अदालत ने नशीला पदार्थ रखने के आरोपी रामकरण वासी नन्हेडा जिला अम्बाला को 15 साल कारावास व 1 लाख रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई है। जानकारी देते हुए जिला न्यायवादी मेनपाल ने बताया कि 4 दिसम्बर 2018 को अपराध अन्वेषण शाखा-2 उप निरीक्षक जीत सिंह की टीम अपराध तलाश में बस अड्डा मथाना के पास मौजूद थी। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर बराहन मोड़ लाडवा पर नाकबंदी करके रामकरण वासी नन्हेडा जिला अम्बाला को कैंटर नंबर एचआर-37-सी-7061 सहित काबू किया था। राजपत्रित अधिकारी के सामने पुलिस द्वारा आरोपी व उसके कैंटर की तलाशी लेने पर उसके कब्जा से 217 किलोग्राम चुरापोस्त बरामद हुआ था ।



### सम्मान | खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने पानीपत के विजय को सम्मानित किया

# विजय ने जैवलिन थ्रो में राज्य व राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में 18 से ज्यादा मेडल जीते

- विजय वर्ष 2025 में चंडीगढ़ में स्वर्ण तथा केरल में आयोजित नेशनल एथलेटिक्स प्रतियोगिता में जैवलिन रजत पदक जीत चुके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा मास्टर एथलेटिक्स एसोसिएशन द्वारा पंचकूला में खिलाड़ियों के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें पानीपत के आट्टा गांव निवासी व सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग में अस्टिटेंट मैनेजर (पीआर) के पद पर कार्यरत विजय गाहल्याण को सम्मानित किया गया। वहीं, खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने खिलाड़ियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि विजय गाहल्याण जैसे व्यक्तित्व पर गर्व हैं जो ड्यूटी के साथ-साथ खेलों को भी अपने जीवनशैली का हिस्सा बनाए हुए हैं। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त कि विभाग की और से पीआरओ के रूप में उनके साथ विजय गाहल्याण को नियुक्त किया है। उल्लेखनीय है कि विजय गाहल्याण पहले कुश्ती खिलाड़ी थे। बाद में उन्होंने जैवलिन थ्रो खेल को अपना। विजय वर्ष 2025 में पिछले 5 महीने में आयोजित चंडीगढ़ में स्वर्ण तथा केरल में आयोजित नेशनल एथलेटिक्स प्रतियोगिता में जैवलिन रजत पदक जीत चुके हैं। इससे पहले भी उन्होंने राज्य व राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतिय़ोगिताओं में 18 से ज्यादा पदक जीत चुके हैं। कई बार वे जिला प्रशासन पानीपत के अन्य सामाजिक संगठनों द्वारा भी उन्हें सम्मानित किया जा चुका है। सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के प्रेस शाखा के प्रभारी डा. साहिब राम गोदारा व अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने विजय गाहल्याण को उनकी उपलब्धियों पर बधाई व उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।



खेल मंत्री गौरव गौतम खिलाडी विजय गाहल्याण को सम्मानित करते हुए।

# कावड़ियों को नहीं होगी कोई असुविधा, नियमित गश्त करेगी पुलिस

पुलिस ने कांवड यात्रा के लिए जारी की एडवाइजरी, जिले में 11 से 23 जुलाई तक चलेगी कावड़ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरिद्वार से कांवड़ लेकर जिले की सड़कों से गुजरने वाली कांवड़ यात्रा को लेकर जिला पुलिस प्रशासन द्वारा एडवाइजरी जारी की है। कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए जिले की सड़कों पर पुलिस ने कड़े इंतजाम कर दिए हैं। एसपी सुरेंद्र सिंह भौरिया ने अपने कार्यालय में बातचीत के दौरान यह जानकारी दी।



एसपी सुरेंद्र सिंह भौरिया ने बताया कि हर वर्ष जिले की सड़कों से होते हुए हजारों कांवडिए हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने गंतव्य की ओर जाते हैं। इस वर्ष 11 जुलाई से 23 जुलाई तक कांवड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। पवित्र कावड़ यात्रा को शांतिपूर्वक एवं भाईचारे से सम्पन्न करने के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। उन्होंने बताया कि जिले के मुख्य मार्गों तथा अन्य मार्गों पर पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है तथा कावड़ यात्रा के दौरान पुलिस विभाग पूरी तरह से सतर्क रहेगा और किसी भी प्रकार से कानून व्यवस्था एवं शांति भंग नहीं होने दी जाएगी।

एसपी सुरेंद्र सिंह भौरिया ने बताया कि कावड़ यात्रा में हरिद्वार से जल लेकर आने वाले कांवड़ियों को किसी तरह की कोई परेशानी ना हो इसको लेकर के यमुनानगर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से चुस्त व मुस्तैद है।

## जिला पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया ने अपने कार्यालय में दी जानकारी

### मिलेगा पूरा सहयोग

जिला पुलिस कप्तान सुरेंद्र भौरिया ने बताया कि कावड़ियों को किसी तरह की सड़क पर चलने के लिए परेशानी नहीं होने दी जाएगी। जिसके लिए सभी राइटर व गाड़ियां को समय समय पर विभिन्न रास्तों पर गस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। यदि कहीं किसी कारण से कांवड़ियों को चलने में किसी प्रकार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तो वहां से उन्हें वहां सही तरह से निकालने का काम करेगी, ताकि किसी तरह का कोई भी हादसा सड़क के ऊपर ना हो।

### कावड़ियों के पास आधार या कोई पहचान पत्र होना आवश्यक

एसपी सुरेंद्र सिंह भौरिया ने कावडियों को निर्देश दिए कि उनके पास आधार कार्ड या कोई पहचान पत्र होना चाहिए। साउंड व झांकी की यात्रा लेकर जाते समय ऊंचाई 10 फुट से अधिक नहीं हो। बाइक टूं व्हीलर पर जाते हुए कावड़िये अपने साइलेंसर न उतारें। ताकि आवागमन में पब्लिक को परेशानी न हो। रादौर या अम्बाला जिले से आने वाले कावड़िये शहर के बीच-बीच गुजरने की बजाय बाइपास से हाइवे से होकर जाएं। नेशनल हाइवे के द्वारा सडकों पर मार्किंग पीली पट्टी लगाई जाएगी।

■ शिविर दूसरे धार्मिक स्थानों से दूर लगाने के भी दिए निर्देश।

कावड़ियों के शिविर अन्य समुदाय के धार्मिक स्थानों से उचित दूरी पर लगाने के निर्देश दिए हैं। पार्किंग व्यवस्था भी सड़क से दूर रखी जाए ताकि यातायात व्यवस्था में कोई व्यावधान पैदा न हो और कावड़ यात्रा सुचारू रूप से चलती रहें। उन्होंने बताया कि कावड़ शिविरों के आयोजक कावड़ शिविरों में सीसीटीवी कैमरे, पुरूषों व महिलाओं के लिए अलग अलग शौचालय की उचित व्यवस्था करवाएं।

## खबर संक्षेप

### एटीएम में तोड़कर चोरी का किया प्रयास

**यमुनानगर।** चोरों ने शहर के चिट्टा मंदिर चौक के पास लगे एटीएम में तोड़फोड़ कर चोरी करने का प्रयास किया। आरोपी कैश ले जाने में असफल रहे। सूचना के बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव गधौली निवासी अमित कुमार ने बताया कि हिताची कंपनी का एक एटीएम शहर के चिट्टा मंदिर चौक के पास लगा हुआ है। चोरों ने रात को एटीएम में तोड़फोड़ कर चोरी का प्रयास किया। सुबह जब वह मौके पर पहुंचे तो उसे एटीएम में तोड़फोड़ मिली। मामले की सूचना अधिकारियों को दी। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचे तो एटीएम में कैश सुरक्षित मिला।

### रंजिश में युवक के सिर पर गंडासी से हमला

**यमुनानगर।** बिलासपुर थाना के गांव मियापुर में रंजिश के चलते एक युवक ने गांव के ही साहिल खान पर गंडासी से हमला कर घायल कर दिया। गंडासी साहिल के सिर में बाजू में लगी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव मियापुर निवासी साहिल ने बताया कि कुछ दिन पहले गांव के असलम के साथ किसी बात लेकर कहासुनी हुई थी। लोगों ने समझा कर मामला शांत करवा दिया था। छह जुलाई को रात वह गांव में ही किसी काम से जा रहा था। इसी दौरान असलम ने रंजिश के चलते उस पर गंडासी से हमला कर दिया। गंडासी उसके सिर व बाजू में लगी। शोर सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उसे जान से मारने की की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया।

राष्ट्रव्यापी हड़ताल आज, सड़कों पर रोष मार्च निकालेंगे विभिन्न संगठन

# कर्मचारी संगठनों ने मोटरसाइकिल रैली निकालकर जताया अपना विरोध

मेन चौक से शुरू होकर शहर के विभिन्न चौक चौराहों से होकर गुजरी बाइक रैली, सरकार के खिलाफ की नारेबाजी



यमुनानगर। बाइक रैली निकालते हुए विभिन्न कर्मचारी संगठनो के सदस्य।



यमुनानगर। जगाधरी के बिजली निगम कार्यालय में धरना देते भाकियू के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

केन्द्र और राज्य सरकार की जनविरोधी कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ मंगलवार को नगर पालिका यमुनानगर समेत विभिन्न कर्मचारी संगठनों के सदस्यों ने नगर में मोटरसाइकिल रैली निकालकर रोष जताया। रैली के दौरान कर्मचारी संगठनों के सदस्यों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

मंगलवार सुबह नगर पालिका कर्मचारी संघ, पीडब्ल्यूडी, बीएंडआर, जनस्वास्थ्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन, इंटक, एटक, सीटीयू, रिटायर्ड कर्मचारी संघ व किसान सभा के सैंकड़ो सदस्य शहर के मेन चौक पर पहुंच गए और केंद्र व राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। इसके बाद प्रदर्शनकारी मोटरसाइकिलों पर सवार होकर सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य सचिव मांगा राम तिगरा व जिला सचिव गुलशन भारद्वाज के नेतृत्व में नगर में निकल पड़े। इस दौरान मोटरसाइकिल रैली शहर के मेन चौक से शुरु होकर विभिन्न मुख्य मार्गों, चौंको, बस स्टैंडो व बाजारों से होते हुए अंत में शुभारंभ स्थल पर जाकर संपन्न हुई।

### बढ़ चढ़कर लेंगे हिस्सा

एसकेएस के जिला प्रधान महिपाल सौदे, संयुक्त किसान मोर्चा के नेता जरनैल सिंह सांगवान, सीटू से जिला सचिव शरबत,रिटायर्ड संघ के जिला प्रधान जोत सिंह व एटक के नेता वरयाम सैनी ने संयुक्त रुप से कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की जनविरोधी व कर्मचारी विरोधी नीतियों से कर्मचारियों समेत सभी वर्ग उत्पीड़ति हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि सभी कर्मचारी संगठनों के सदस्य ट्रेड यूनियनों द्वारा नौ जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में बढ़चढ़कर भाग लेंगे।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रव्यापी हड़ताल के दौरान सभी संगठनों के सदस्य मिलकर शहर की मुख्य सड़कों पर रोष मार्च निकालेंगे। इस अवसर पर मोटरसाइकिल रैली में एटक नेता हरभजन सिंह संधु, नगर पालिका कर्मचारी संघ के पपला, मुकेश, बलदीप, विकी, पारचा, सुरेंद्र काला समेत अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया।

### किसानों ने निगम कार्यालय में दिया धरना, एसडीओ से नौकझौंक

**यमुनानगर।** भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के सदस्यों ने मंगलवार को फौजी किसान से नलकूप का कनेक्शन बदलने के लिए बिजली कर्मचारी द्वारा सरकारी खर्च बताकर 50 हजार रुपये मांगने के विरोध में जगाधरी की पुरानी कचहरी के पास बिजली निगम कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया। किसानों दरी बिछाकर बिजली निगम के कार्यालय परिसर में बैठ गए और नारेबाजी करने लगे। एसडीओ ने किसी तरह किसानों को समझाया और शाम तक नलकूप चालू करने का आश्वासन दिया।

मंगलवार सुबह भाकियू सदस्य जिला प्रधान संजू गुंदियाना के नेतृत्व में जगाधरी की पुरानी कचहरी के नजदीक बिजली वितरण निगम के एसडीओ कार्यालय के समक्ष एकत्र हो गए और धरना पर बैठ गए। किसानों ने भ्रष्टाचार को लेकर बिजली निगम व सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। एसडीओ व किसानों के बीच तीखी नौकझौक भी हुई। एसडीओ ने किसानों को कहा कि यदि उनके कार्यालय के किसी कर्मचारी की वजह से किसानों को परेशानी हुई है तो वह माफी मांगते हैं। उन्होंने किसानों को शाम तक ट्यूबवेल चालू करने का आश्वासन दिया।

#### फौजी ने यह लगाया आरोप

मुसिंबल निवासी सिमरनजीत सिंह ने बताया कि वह इंडियन नेवी में नौकरी करता है। पोस्टिंग पूणे में है। धान की रोपाई के लिए वह छुट्टी लेकर आया हुआ है। वर्षा व तेज हवाओं के कारण उनके ट्यूबवेल पर बिजली के कुछ पोल गिर गए। जिसके कारण उनका ट्यूबेवल बंद पड़ा है। गत 23 जून को उसने उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के जगाधरी स्थित कार्यालय में शिकायत देकर दूसरे ट्रांसफार्मर पर उनका कनेक्शन शिफ्ट करने की मांग की। ताकि ट्यूबवेल चालू हो जाए और वह धान की रोपाई कर सकें। किसान एवं फौजी सिमरनजीत सिंह के मुताबिक इस कार्य की एवज में सरकारी खर्च बताकर एसडीओ कार्यालय के एक कर्मचारी ने उनसे 50 हजार रुपये की मांग की। उनका कहना है कि एसडीओ ने सहायक के तौर पर इस कर्मचारी को रखा हुआ है। वह एसडीओ के साथ साइट पर भी गया था।

#### किसानों के साथ नाइंसाफी बर्दाश्त नहीं

भाकियू के जिलाध्यक्ष संजू गुंदियाना ने कहा कि किसानों के साथ किसी तरह की नाइंसाफी नहीं होने दी जाएगी। हर किसान के साथ यूनियन खड़ी है। कनेक्शन शिफ्ट किए जाने के नाम पर किसान से पैसे मांगना शर्मनाक है। जिस कार्य के लिए एक रुपया नहीं लगता है। उस काम के लिए 50 हजार रुपये की मांग की जा रही है। भाजपा सरकार कहती है कि भ्रष्टाचार खत्म कर दिया है। लेकिन सरकार के अधिकारी खुद भ्रष्टाचार में लिप्त हो रहे हैं।

## प्रशिक्षण में महिलाओं का जीवन स्तर ऊंचा उठाने पर किया मंथन



**रादौर।** हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन व लेट्स ड्रीम फाउंडेशन के तत्वावधान में मंगलवार को मॉडल सीएलएफ का वार्षिक कार्य योजना का प्रशिक्षण सीएलएफ लेवल पर आयोजित किया गया। जिसमें सभी ग्राम संगठन से 2-2 सदस्यों सहित कुल 53 सदस्यों ने भाग लिया। शिविर में प्रशिक्षण रिजिनल ऑर्डिनेटर रोहित प्रताप सिंह व बीसीसी कमलजीत द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण में वार्षिक योजना, मॉडल ग्रुप, विजन व मिशन के बारे में बताया गया। महिलाओं के जीवन स्तर को किस प्रकार ऊंचा उठाया जा सकता है, इन सभी मुद्दों पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रोग्राम एसोसिएट नितेंद्र सैनी, बीपीएम देवेंद्र राणा इत्यादि मौजूद रहे।

## हरिद्वार में 11 जुलाई को दो दिवसीय वैश्य हरियाणा का सावन पर्व मनेगा

**यमुनानगर।** अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा का दो दिवसीय सावन पर्व कार्यक्रम 11 जुलाई को हरिद्वार स्थित श्री राधाकृष्ण धाम में आयोजित होगा। जिसमें यमुनानगर से भारी संख्या में समाज के लोग भाग लेंगे। अग्रवाल वैश्य समाज के जिला प्रधान आशीष मित्तल ने बताया कि सावन पर्व कार्यक्रम का आयोजन 11 जुलाई किया जाएगा।

■ कार्यक्रम में यमुनानगर से भारी संख्या में लेंगे समाज के लोग भाग, पूर्व मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल होंगे मुख्यातथि।

जिसकी अध्यक्षता समाज के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला करेंगे। कार्यक्रम के पहले दिन ऋषिकेश के विधायक एवं उत्तराखंड सरकार के पूर्व कैबिनट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित होंगे। कार्यक्रम में समाजसेवी नवीन गोयल व राष्ट्रीय नवचेतना मंच के चेयरमैन विजय सोमाणी विशिष्ट अतिथि एवं सोनीपत के भाजपा जिला प्रभारी पंकज जैन बतौर स्वागताध्यक्ष शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि 12 जुलाई को जिला अधिकारी देहरादून सविन बंसल मुख्यातिथि, आयुक्त नगर निगम देहरादून नमामी बंसल बतौर विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य वैश्य समाज को एक साथ जोड़ना, सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करना तथा सांस्कृतिक धरोहर को आगे बढ़ाना है। कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जिसके लिए प्रदेश के विभिन्न जिलों में समाज के प्रतिनिधियों को जिम्मेदारी सौंपी जा रही है।

# समाजसेवा करना सबसे बड़ा पुण्य कार्य: डागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

समाजसेवी संस्था रोटरी क्लब रादौर द्वारा गांव छोटाबांस के राजकीय स्कूल में बच्चों के लिए कंप्यूटर समेत अन्य सामान भेंट किया गया है। सामान को स्कूल के अध्यापक सरदार जसविंदर सिंह व वीरेंद्र पांचाल ने प्राप्त किया है। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में समाजसेवी चौधरी धर्मबीर सिंह डागर व नगरपालिका के चेयरमैन रजनीश मेहता शालु ने भाग लिया।

मुख्यातिथि चौधरी धर्मबीर सिंह डागर ने कहा कि रोटरी क्लब द्वारा राजकीय स्कूल छोटाबांस में कंप्यूटर भेंट किए जाने से स्कूल के बच्चों को कंप्यूटर पर पढ़ाई करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब रादौर द्वारा समाज सेवा के लिए किए जा रहे काफी सराहनीय हैं। जिससे समाज को लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि रोटरी क्लब द्वारा राजकीय स्कूल छोटाबांस में लड़कियों के लिए आधुनिक पिंक टॉयलेट बनवाया जा रहा है। जो सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि समाज सेवा के कार्य करना पुण्य कार्य है। मौके पर क्लब के प्रधान हरजीत सैनी ने बताया कि रोटरी क्लब द्वारा क्षेत्र में जहां विभिन्न सामाजिक कार्य किए जा रहे हैं। वहीं, हर वर्ष पांच जरुरतमंद परिवारों की कन्याओं के लिए सामुहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसके अलावा मेधावी विद्यार्थियों को हर वर्ष संस्थान की ओर से सम्मानित किया जाता है। इस अवसर पर क्लब के निर्मल सिंह, भारत माटिया, पंडित ज्ञानप्रकाश शर्मा, विपिन शर्मा, मास्टर देवीदयाल अरोड़ा, मलखान सिंह, पुनीत शर्मा, अमित गुप्ता, स्वर्ण सिंह धौडंग, रमनदीप सिंह मंडौली व डॉ. एससी सैनी आदि मौजूद रहे।



# बढ़ती जनसंख्या देश के विकास में बाधक

हरहरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

गुरुकुल खरकाली में मंगलवार को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया गया। इस दौरान चेयरमैन डॉ.अमन पंजेटा ने बच्चों को देश में बढ़ रही जनसंख्या से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

डॉ.पंजेटा ने कहा कि देश में तेजी से बढ़ती जनसंख्या राष्ट के लिए चिंता का विषय है। बढ़ती जनसंख्या देश के विकास में बाधक बन चुकी है क्योंकि कमाई के साधन कम होते जा रहे हैं और महंगाई व बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। जिसमें जनसंख्या अहम भूमिका निभा रही है। यदि हमें देश को विकसित राष्ट बनाना है तो हमें अपनी जनसंख्या पर काबू पाना होगा। नहीं तो हमारे देश की जनसंख्या चीन से भी अधिक हो जाएगी। जो देश के विकास के लिए खतरा पैदा करेगी। उन्होंने कहा कि इस समय हमारा देश जनसंख्या के मामले में दूसरे स्थान पर है। बढ़ती जनसंख्या के कारण देश में संसाधनों की कमी हो गई है। इस समय बहुत से लोगों को पेटभर खाना भी नहीं मिल रहा है। जिसके लिए हमारी बढ़ती हुई जनसंख्या जिम्मेवार है। यदि हमें देश को उन्नत बनाना है तो हमें जनसंख्या पर काबू पाना होगा। अन्यथा हम दुनिया के विकसित देशों की दौड़ में पिछड़ कर रह जाएंगे।



चेयरमैन डॉ .अमन पंजेटा।

■ गुरूकुल खरकाली में मनाया गया विश्व जनसंख्या दिवस।

■ अधिक आबादी से देश में बढ़ती है महंगाई और बेरोजगारी।

# बाबा बंसीवाले की पुण्यातिथि मनाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रादौर के दुकानदारों ने बाबा बंसीवाले की पुण्यातिथि के उपलक्ष में कस्बा के मेन बाजार में कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान दुकानदारों ने बाबा बंसीवाले के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। वहीं, राहगिरों को हलवे का प्रसाद वितरित किया गया।

दुकानदार एवं बाबा बंसीवाले के सेवक उमेश गुप्ता, अमित गुप्ता व आयुष गुप्ता ने बताया कि कस्बा के दुकानदारों ने सामुहिक रुप से बाबा बंसीवाले की चौथी पुण्यातिथि मनाई गई। इस दौरान बाबा बंसी वाले के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। बाद में मेन बाजार में राहगिरों को हलवे का प्रसाद वितरित किया गया। श्रद्धालु अमित गुप्ता ने बताया कि बाबा बंसी वाले एक महान संत थे। जिन्होंने समाज को जीने की एक नई राह दिखाई थी। उन्होंने सभी को संदेश दिया था कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। इसलिए हमें अधिक से अधिक मानवता की सेवा करनी चाहिए। तभी हम एक बेहतर समाज की रचना कर सकते है। इस अवसर पर सुमित चोपड़ा, विनय कंसल, वीरेंद्र नामदेव, नवीन कुमार, हैप्पी पहुजा, रवि नागपाल व वरुण सिंगला आदि मौजूद रहे।

## डीसी ने दी सरकार द्वारा अवैध मकानों को वैध करने की जानकारी

# शामलात भूमि पर बने अवैध मकान होंगे वैध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा सरकार द्वारा उन ग्रामीण परिवारों को बड़ी राहत दी है जिन्होंने 31 मार्च 2004 से पहले शामलात देह की गैर कृषि भूमि पर मकान या मकान का हिस्सा बनाया हुआ है। अब ऐसे निर्माणों को कानूनी दर्जा देने की प्रक्रिया अधिसूचित कर दी गई है। यह निर्णय हरियाणा अधिनियम संख्या 19, 2024 तथा हरियाणा अधिनियम संख्या 5, 2025 के माध्यम से लागू किया गया है। उक्त जानकारी उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी।

डीसी पार्थ गुप्ता ने बताया कि मुख्य बिंदु हरियाणा अधिनियम संख्या 19, 2024 (12 दिसंबर 2024) के अनुसार पंजाब ग्राम शामलात अधिनियम 191 की धारा 5 ए में नया उपखंड (1ए)जोड़ा गया है। जिसमें यह प्रावधान किया गया कि पंचायतें 31 मार्च 2004 से पहले बने घरों को अधिकतम 500 वर्ग गज (निर्माण 25 प्रतिशत खुला हिस्सा) तक की शामलात भूमि को बाजार दर पर राज्य सरकार की अनुमति से बेच सकती हैं। यह भूमि किसी जलाशय, तालाब, रेवेन्यू रास्ते या सार्वजनिक उपयोग की भूमि नहीं होनी चाहिए।

### पंचायत निदेशक को मिला अनुमति देने का अधिकार

डीडीपीओ नरेन्द्र सिंह ने बताया कि हरियाणा अधिनियम संख्या 5ए 2025 (1 अप्रैल 2025) के तहत उक्त धारा में दो अहम बदलाव किए गए। राज्य सरकार की जगह अब विकास एवं पंचायत विभाग के निदेशक को अनुमति प्रदान करने का अधिकार होगा। बाजार दर की अनिवार्यता हटाकर निर्धारित दर (प्रेसक्राइब्ड रेट)का प्रावधान जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि 17 जनवरी 2025 को अधिसूचित संशोधित नियमों के अनुसारए इच्छुक व्यक्ति पंचायत को निर्धारित प्रारूप में इन नियमों के प्रकाशन की तिथि से 12 मास के अन्दर जिला कलेक्टर को आवेदन कर सकेंगे। भूमि की बाजार दर 31 मार्च 2004 को प्रचलित कलेक्टर रेट के डेढ़ गुना बराबर होगी।

### 2004 से पहले के पक्के कब्जे के देने होंगे सबूत

डीडीपीओ नरेंद्र सिंह ने बताया कि नाजायज कब्जाधारी को ग्राम पंचायत को आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन करना होगा। आवेदन के साथ वर्ष 2004 से पूर्व कब्जा वाले मकान का सबूत जैसे बिजली का बिल पानी कनैक्सन, निशानदेही रिपोर्ट, नक्सा, जमाबन्दी, मकान के फोटोग्राफ, आधार कार्ड आदि लगाए जाने जरुरी हैं। पंचायत व ग्राम सभा द्वारा नियमानुसार प्रस्ताव पारित किया जाएगा। ग्राम सचिव द्वारा आवश्यक दस्तावेजों सहित केस खंड अधिकारी को भेजा जाएगा। खंड विकास एवं पचायत अधिकारी द्वारा आवश्यक दस्तावेज व 2004 के कलेक्टर रेट सहित अपनी सिफारिश उपायुक्त को प्रेषित की जाएगी। इसके बाद उपायुक्त द्वारा मामले को निदेशक विकास एवं पंचायत विभाग हरियाणा को भिजवाया जाएगा। इसके बाद निदेशक विकास एंव पंचायत विभाग हरियाणा द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाएगी। इस दौरान सेल डीड स्टांप ड्यूटी व अन्य चार्ज निवेदनकर्ता द्वारा वहन किए जाएंगे।

■ क्लेक्टर रेट का डेढ़ गुणा करना होगा भुगतान, पंचायत देगी प्रस्ताव ग्राम सचिव भेजेंगे केस, 12 माह के अंदर करना होगा आवेदन।

# भारतीय संस्कृति में ज्ञान, श्रद्धा और विनम्रता की परंपरा का उत्सव है गुरु पूर्णिमा पर्व

- विभिन्न क्षेत्रों के व्यक्तियों ने गुरु पूर्णिमा को लेकर अपने विचार साझा किए
- जीवन में सच्चे मार्गदर्शन के लिए गुरु की होती है आवश्यकता

हरिभूमि न्यूज. पिहोवा।

गुरु पूर्णिमा भारत की उस महान परंपरा का उत्सव है, जो गुरु को परमात्मा के समान स्थान देती है। यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि चाहे जीवन में शिक्षा की तलाश हो या आत्मज्ञान की, हर पथ पर एक सच्चे मार्गदर्शक की आवश्यकता होती है। इसी संदर्भ में विभिन्न क्षेत्रों के व्यक्तियों ने अपने विचार साझा किए।

### गुरु शिष्य के रिश्ते को पुण्य स्थापित करें: आशीष


*तीर्थ पुरोहित एवं नपा प्रधान आशीष चक्रपाणि ने कहा कि गुरु पूर्णिमा केवल एक पर्व नहीं,*



*बल्कि भारतीय संस्कृति में ज्ञान, श्रद्धा और विनम्रता की परंपरा का उत्सव है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि सच्चा गुरु वह होता है जो अज्ञानता के अंधकार से निकालकर शिष्य को आत्मज्ञान की ओर ले जाए। आज की शिक्षा प्रणाली में भी यदि हम गुरु-शिष्य के इस आत्मीय रिश्ते को पुनः स्थापित करें, तो समाज में नैतिकता और मूल्यों की बहाली संभव है।*

### ईश्वर से भी ऊपर है गुरु का स्थान: डा.चुघ

*सरस्वती मिशन हस्पताल के एम.डी. डॉ. सुदर्शन चुघ का कहना है कि गुरु पूर्णिमा*



*वेदव्यास जी की स्मृति में मनाया जाने वाला पर्व है, जिन्होंने ज्ञान को स्वरूप प्रदान किया। हमारे शास्त्रों में गुरु को ईश्वर से भी ऊपर स्थान दिया गया है—ह्यगुरु ब्रह्मा, गुरु विष्णु...ह्न। आध्यात्मिक दृष्टि से गुरु शिष्य के जीवन का संशय मिटाकर आत्मज्ञान की ओर ले जाता है। यह पर्व गुरु के चरणों में कृतज्ञता व्यक्त करने का श्रेष्ठ अवसर है।*

### संतों को नमन करने का दिन गुरु पूर्णिमा: बवेजा

*समाजसेवी दीपक बवेजा ने कहा कि गुरु केवल ज्ञान नहीं, बल्कि आत्मज्ञान का प्रकाश है। ऐसे*



*आध्यात्मिक गुरु हमें यह समझाते हैं कि जीवन केवल सांस लेने का नाम नहीं, बल्कि ईश्वर की ओर बढ़ने की एक यात्रा है। वे हमें सत्संग की संगति, सेवा का आनंद और सिमरण की शक्ति का महत्व सिखाते हैं। गुरु पूर्णिमा उन महान संतों, महापुरुषों और साधुजनों को नमन करने का दिन है जिन्होंने हमारे भीतर सोई चेतना को जगाया।*

### गुरु जीवन को बनाता है सफल : प्रदीप सैनी

*सैनसंस पेपर मिल के एम.डी. प्रदीप सैनी ने कहा कि गुरु शिष्य के जीवन में वह दीपक*



*है, जो अंधकार में भी राह दिखाता है। गुरु पूर्णिमा केवल एक पर्व नहीं, बल्कि यह ज्ञान, अनुशासन और श्रद्धा का संगम है। आज के दौर में जब शिक्षा में व्यावसायिकता आ गई है, तब गुरु-शिष्य के रिश्ते की आत्मीयता को बचाना और बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है। सच्चा गुरु वही है जो छात्र को केवल परीक्षा में नहीं, जीवन में सफल बनाए।*

### गुरु की आवश्यकता सदैव होती : प्रिंस

*बीजेपी के मंडल अध्यक्ष प्रिंस मंगला ने कहा कि गुरु पूर्णिमा केवल तिथि नहीं, बल्कि एक*



*चेतना है,जो हमें यह स्मरण कराती है कि जीवन के हर मोड़ पर हमें किसी न किसी रूप में गुरु की आवश्यकता होती है। कभी वह माता-पिता के रूप में होते हैं, कभी शिक्षक, और कभी कोई साधु-संत जो आत्मा का जागरण करते हैं। आइए इस पावन दिन पर हम सब मिलकर उन सभी गुरुओं के प्रति कृतज्ञता प्रकट करें, जिन्होंने हमें जीवन की राह दिखाई।*

### गुरु आत्मा के होते पथप्रदर्शक : चौबे

*गांव धनीरामपुरा के युवा सरपंच एवं समाजसेवी विकल कुमार चौबे ने बताया कि गुरु*



*केवल शारीरिक जीवन के शिक्षक नहीं, बल्कि आत्मा के भी पथप्रदर्शक होते हैं। हमारे आध्यात्मिक गुरुदेव हमें सत्संग, सेवा और सिमरण के मार्ग पर चलना सिखाते हैं। वे न केवल हमें बाहरी जीवन को सुसंगठित करना सिखाते हैं, बल्कि भीतर आत्मिक चेतना को भी जागृत करते हैं। अतः गुरु पूर्णिमा उनके प्रति श्रद्धा व्यक्त करने का दिन है।*

### कलयुग में भगवान की सूरत है गुरु :गीता शर्मा

*भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष एवं जिला*



*कष्ट निवारण समिति की सदस्य गीता शर्मा ने कहा कि मां-बाप की मूरत है गुरु, कलयुग में भगवान की सूरत गुरु है। गुरु बिना ज्ञान नहीं ज्ञान बिना आत्मा नहीं, ध्यान, ज्ञान, धैर्य और कर्म सब गुरु की ही देन है। गुरु की महिमा न्यारी है, अज्ञानता को दूर करके ज्ञान की ज्योत जलाई है*

### गुरु जीवन जीने की कला सिखाता : चावला

*प्लैटिनम होटल के एम.डी. एवं समाजसेवी विशाल चावला ने कहा कि आज के विद्यार्थियों*



*को केवल पाठ्य ज्ञान नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला भी सिखानी चाहिए। शिक्षक अगर मार्गदर्शक बनें और छात्र यदि उन्हें श्रद्धा से देखें, तो शिक्षा का उद्देश्य सफल हो जाता है। गुरु पूर्णिमा वह दिन है जब हम शिक्षा के उस पवित्र रिश्ते को सम्मान देते हैं, जो एक मजबूत समाज की नींव रखता है।*

## खबर संक्षेप

### 15 को पंचायत भवन में होगी जिप की बैठक

**कुरुक्षेत्र।** जिला परिषद की 125वीं बैठक 15 जुलाई को सुबह 11 बजे पंचायत भवन के सभागार में होगी। इस बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद की अध्यक्षा कंवलजीत कौर करेंगी। इस बैठक में सभी विभागों के एचओडी निर्धारित समय पर पहुंचना सुनिश्चित करेंगे। यह जानकारी जिला परिषद की कार्यकारी अधिकारी शम्भु राठी ने दी है। उन्होंने कहा कि इस बैठक में लगभग 15 विषयों पर विचार विमर्श किया जाएगा।

### 13 दिवसीय दक्षिण दर्शन यात्रा 28 जुलाई से

**कुरुक्षेत्र।** इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन के पर्यटन के संयुक्त महाप्रबंधक वायु नंदन शुक्ला ने कहा कि भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम लिमिटेड (आईआरसीटीसी) ने देश में धार्मिक और तीर्थ पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए दक्षिण दर्शन यात्रा को शुरू किया है। इससे विकास और संचालन के माध्यम से घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। भारत गौरव स्पेशल टूरिस्ट ट्रेन के माध्यम से दक्षिण दर्शन यात्रा एक अनूठी तीर्थ यात्रा रहेगी। उन्होंने कहा कि 13 दिवसीय दक्षिण दर्शन यात्रा 28 जुलाई 2025 से शुरू होने जा रही है। भक्तों को दक्षिण भारत के सात पवित्र मंदिरों के दर्शन करने का आध्यात्मिक रूप से समृद्ध अवसर प्रदान करेगी।

## हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष ने सुनीं समस्याएं

# 55 करोड़ रुपये से 14 नए सरकारी भवनों का होगा निर्माण : सुमन सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लाडवा विधानसभा में बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़कों के क्षेत्र विशेष ध्यान देते हुए हर सुविधा मुहैया करवाई जा रही है। जल्द ही बीड कालवा गांव और मंगोली जाटान गांव के सरकारी स्कूलों में फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायो की लैब स्थापित की जाएंगे, जिनके निर्माण का कार्य चल रहा है। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी मंगलवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस लाडवा में लाडवा विधानसभा के लोगों की समस्याओं को सुन रही थी। इस दौरान मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी, मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता, विकास शर्मा, अमरेंद्र सिंह और नरेंद्र दबखेडा, नपा चेयरपर्सन साक्षी खुराना भी मौजूद रहे। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री



लाडवा। लोगों की समस्याएं सुनती हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी।

नायब सिंह सैनी ने बिजली विभाग के 10 फीडरों पर 6 करोड़ 42 लाख रुपए से विकास कार्य करवाई जा रहे हैं, इनमें बाबैन, खरींडवा, गजलाना, रामशरण माजरा, धनानी, मंगोली, बीड़ मंगोली, भूखडी गांव के फाइटर शामिल है। इसके अलावा नौ गांवों में 52 लाख रुपए से 23 नए ट्रांसफार्मर रखे जाने का कार्य किया जा रहा है, इनमें लाडवा शहर, गांव निवारसी, धनौरा जाटान, छलौंदी, सिंगपुर, बण, बणी, गिरधारपुर, बिहलोलपुर गांव शामिल है। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि हलका के लोगों ने आज अपनी समस्याओं को उनके सामने रखा है। इस शिकायतों पर मुख्यमंत्री कार्यालय से नंबर लगाकर संबंधित अधिकारी को समाधान के लिए भेजा जाएगा। अधिकारियों द्वारा इन शिकायतों का समयबद्ध समाधान करना होगा। इन शिकायतों पर कार्रवाई की समीक्षा स्वयं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे। उन्होंने कहा कि अब लाडवा विधानसभा के लोगों को अपनी समस्याएं सुनाने के लिए चंडीगढ़ जाने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेश पर लाडवा विधानसभा के लोगों के लिए लाडवा में खुला दरबार आयोजित किया जा रहा है।

### 30 सड़कों का निर्माण कार्य हुआ पूरा

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार लाडवा हल्का में लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत 41.36 किलोमीटर की 30 सड़कों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इन सड़कों के निर्माण कार्य पर 11 करोड़ 54 लाख का बजट खर्च हुआ है। इस विधानसभा में 58 किलोमीटर लंबी 14 सड़कों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इन 14 सड़कों के निर्माण पर 25 करोड़ 94 लाख का बजट खर्च होगा।

### लाडवा के नागरिकों को बेहतर सुविधाएं देना फोक्स

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का विशेष फोकस लाडवा विधानसभा के नागरिकों को अच्छी सडकें, पीने के पानी, सीवरेज व्यवस्था और स्वास्थ्य केन्द्रों जैसे बड़े प्रोजेक्ट पर है। इस विधानसभा में जल्द ही एसडीएम कॉम्पलेक्स, रेस्ट हाउस सहित 14 नए सरकारी भवनों का निर्माण कार्य शुरू होगा। इन प्रोजेक्ट पर सरकार की तरफ से लगभग 55 करोड़ रुपए का बजट खर्च किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गांव सोंटी, गांव खानपुर कोलिया, गांव भगवानपुर, गांव बण, गांव भैणी, गांव सुनारियां और गांव बणी में सब हेल्थ सेंटर के भवनों का निर्माण कार्य किया जाएगा। यह सभी प्रोजेक्ट पाइप लाइन में है और इन प्रोजेक्ट पर लगभग 55 करोड़ रुपए का बजट खर्च होगा।

## खेडी मारकंडा में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाने का चल रहा कार्य : सुधा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा सरस्वती नदी को पवित्र नदी घोषित किया हुआ है और सरस्वती हैरिटेज विकास बोर्ड द्वारा इसका सौंदर्याकरण करवाया जा रहा है। समय के अनुरुप व शहरीकरण के विस्तार व ग्रामीण क्षेत्र में लोगों की संख्या को देखते हुए खेडी मारकंडा में 12.50 एमएलडी क्षमता का सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाने का कार्य चल रहा है। यह प्लांट निसंदेह लोगों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा और इस प्लांट के लगने से सरस्वती नदी भी स्वच्छ व सुंदर रहेगी। पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि पिपली और बीड पिपली में सीवर लाईन बिछाने का एक प्रोजैक्ट 3297 लाख रुपये का बना कर उच्च अधिकारियों को भेजा गया है। इसके अन्तर्गत लगभग 22 किलोमीटर सीवर लाईन, नया इन्टरमिडियेट पम्पिंग स्टेशन तथा लगभग 5 किलोमीटर राईजिंग मेन पुलिस लाईन से सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट खेडी मारकंडा तक बिछाई जाएगी। इसके अतिरिक्त 2470 लाख रुपये का एक प्रोजैक्ट उच्च अधिकारियों को भेजा गया है जिसके अन्तर्गत पिपली, बीड पिपली में जल आपूर्ति की बढोतरी तथा कुरुक्षेत्र शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पुरानी पाईप लाईन बदलने, जो गलियां रह गई हैं उनमें डिस्ट्रीब्यूशन बिछाने के कार्य सम्मिलित हैं।

### गीता ज्ञान संस्थानम में गुरु पूर्णिमा उत्सव कल

**कुरुक्षेत्र।** श्रीकृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार द्वारा गीता ज्ञान संस्थानम में गुरु पूर्णिमा उत्सव 10 जुलाई को श्रद्धा और उल्लास के साथ आयोजित किया जाएगा। वीरवार को सायं 4:00 बजे आयोजित गुरु पूर्णिमा उत्सव में श्रद्धालु गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज से आशीर्वाद लेंगे। यह जानकारी विजय नरुला ने देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में भारी संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे। संस्थानम परिसर में स्थित सभागार में आयोजित इस उत्सव में गुरु जी की पूजा की जाएगी। उन्होंने बताया कि गुरु पूर्णिमा का उत्सव महर्षि वेदव्यास की पूजा के रुप में मनाया जाता है।



### गांव गुमथला में आमजन को किया जागरूक

**थानेसर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि पीएलवी विशाल ने गांव गुमथला में आमजन को संगठित और असंगठित मजदूरों के अधिकारों, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100, विधवाओं के लिए हालसा की योजनाएं, नालसा (मानसिक रूप से विकलांग और विकलांग व्यक्तियों के लिए कानूनी सेवाएं)योजना 2015, नालसा(असंगठित मजदूरों के लिए कानूनी सेवाएं) योजना 2015, नालसा ( वरिष्ठ नागरिकों के लिए कानूनी सेवाएं ) योजना 2016, पोष एक्ट, पॉक्सो एक्ट, विक्टिम केयर एंड सपोर्ट सिस्टम, व डीएलएसए द्वारा दी जाने वाली मुफ्त कानूनी सहायता के बारे में जागरूक किया गया और उन्हें पंपलेट बांटे गए। उन्होंने कहा कि इन कैंपों का उद्देश्य लोगों में अधिक से अधिक जागरूकता लाना है।

## संगमेश्वर महादेव मंदिर अरुणाय में कल से शुरू होंगे श्रावण मास के कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

- कार्यक्रमों के लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी को किया आमंत्रित

संगमेश्वर महादेव मंदिर अरूणाय में कल से श्रावण मास के कार्यक्रम शुरू होंगे। श्री पंचायती अखाड़ा महानिवार्णी के सचिव महंत रविंद्र पुरी और सचिव महंत विश्वनाथ गिरी के सानिध्य में 10 जुलाई से 9 अगस्त तक होने वाले कार्यक्रमों के लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी को भी आमंत्रित किया गया है। मंगलवार को उनके निवास स्थान पर मंदिर की ओर से सेवादल के प्रबंधक भूषण गौतम ने निमंत्रण पत्र सौंपा। इसके अलावा प्रदेश सरकार की कैबिनेट में कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा, खेल मंत्री गौरव गौतम, सामाजिक अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी, कैबिनेट मंत्री कृष्ण पंवार व कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडोली को भी निमंत्रण सौंपा गया। इसकी तैयारियां शुरू हो चुकी है। थानापति महंत धीरज पुरी ने बताया कि श्रावण के दौरान सुबह चार बजे आरती, उसके बाद एक घंटा श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए समय रखा जाएगा, 5 बजे बेलपत्र पूजा शुरू होगी। 9 से साढ़े 11 तक पार्थिव पूजन होगा। शाम को 5 से 9 बजे तक



कुरुक्षेत्र। मुख्यमंत्री नायब सैनी को निमंत्रण पत्र देते सेवादल प्रबंधक भूषण गौतम।

श्रृंगार दर्शन होंगे। उन्होंने बताया कि 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा का भंडारा होगा। श्रावण मास शिवार्चन महोत्सव एवं अखंड रुद्राभिषेक भी होगा। 21 जुलाई को जरूरतमंद परिवारों की कन्याओं की शादी मंदिर की ओर से करवाई जाएगी। हर सोमवार को रात्रि 9 बजे से 10:30 बजे तक भस्माभिषेक होगा। जबकि प्रतिदिन सुबह 9 से 11:30 बजे तक पार्थेश्वर शिवलिंग विसर्जन पूजा होगी। सेवा दल के प्रबंधक भूषण गौतम ने बताया कि 22 जुलाई को कावड़ लेकर आने वाले श्रद्धालु जल चढ़ाएंगे।



### पिहोवा में बाढ़ और प्रशासनिक लापरवाही को लेकर विधायक चट्ठा ने सरकार को घेरा

**पिहोवा।** पिहोवा से कांग्रेस विधायक मनदीप सिंह चट्ठा ने आज सिंचाई विभाग के विश्रामगृह में प्रेस वार्ता कर हरियाणा की मौजूदा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकार भले ही विकास के बड़े-बड़े दावे कर रही है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। विधायक चट्ठा ने आरोप लगाया कि बाढ़ प्रबंधन और नदियों-नालों की सफाई के नाम पर करोड़ों का बजट हर साल खर्च होता है, लेकिन वास्तविकता यह है कि ना तो नालों की सफाई हुई और ना ही कोई पुख्ता व्यवस्था की गई, जिसके चलते हल्की बारिश में ही गलियों और घरों में पानी भर गया। उन्होंने बताया कि मारकंडा नदी का बांध टूटने से पिहोवा हल्के के कई गांवों में बाढ़ ने भारी तबाही मचाई, जिससे किसानों की लाखों रुपये की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई। चट्ठा ने सरकार से प्रभावित किसानों को तुरंत उचित मुआवजा देने की मांग की, साथ ही राशन कार्डों के बिना कारण काटे जाने के मुद्दे पर भी कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि गरीबों का हक छीना जा रहा है और सरकार आमजन को राहत देने की बजाय उन्हें परेशान कर रही है। इस मौके पर प्रधान करणजीत सिंह चट्ठा, सुभाष रामगढ़ रोड, राकेश बधवार, महेंद्र सिंह चीमा, हरप्रीत सिंह चीमा, जसमेर बटेड़ी, भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### छात्राओं को मासिक धर्म की दी जानकारी

**कुरुक्षेत्र।** विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के तत्वाधान में अमीन रोड स्थित गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में गर्ल अप ओसिस की टीम ने छात्रों को मासिक धर्म के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मासिक धर्म क्या है ? यह हर लड़की के लिए क्यों आवश्यक है। उन्होंने कहा जब लड़कियां बड़ी होती है तो उनके शरीर में कुछ परिवर्तन होते हैं। 9 वर्ष से 16 वर्ष तक की आयु में शरीर में होने वाले परिवर्तन के बारे में विस्तृत रूप से समझाया। शरीर के बढ़ने के लिए पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है इसलिए हमें संतुलित आहार लेना चाहिए। मासिक धर्म का नियमित रहना यह दर्शाता है कि हमारा शरीर स्वस्थ है। मासिक धर्म के दौरान अगर पेट में दर्द रहता है तो हमें सूक्ष्म व्यायाम करना चाहिए। उन्होंने बताया कि सभी लड़कियों को मासिक धर्म की किट अपने साथ रखना चाहिए। सेनेटरी नैपकिन किस प्रकार इस्तेमाल करें उसके बारे में भी समझाया। विद्यालय की प्रधानाचार्य सुमन बाला ने कहा कि हमें अपने शरीर की साफ सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

**बैठक** सरस्वती सेवा समिति की हुई बैठक, सदस्यों और अधिकारियों ने लिया भाग और दिए सुझाव

# सरस्वती के घाट होंगे पुनर्जीवित व शुरू होगा पिंडदान और तर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

पवित्र सरस्वती नदी के घाट अब फिर से पुनर्जीवित होंगे और वहां पिंडदान और तर्पण का कार्य फिर से शुरू होगा। इस कड़ी में सबसे पहला तर्पण कार्यक्रम पिपली स्थित सरस्वती रिवर फ्रंट घाट पर गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर 10 जुलाई होगा। इस अवसर पर कई संत, महात्मा भी उपस्थित रहेंगे। विद्वान पंडितों द्वारा मंत्रोचारण और विधि विधान के साथ उपस्थित लोगों को पितरों के निमित तर्पण करवाया जाएगा। क्योंकि सबसे बड़ा गुरु माता पिता को कहा गया है। ये



कहना है सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के वाइस चेयरमैन धुमन सिंह किरमच का। वे आज कुरुक्षेत्र के हिरमी के सभागार में सरस्वती सेवा समिति की बैठक ले रहे थे। इस बैठक में समिति के सभी सदस्यों, बोर्ड से जुड़े अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में धूमन सिंह किरमच और सिंचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता अरविंद कौशिक ने सब्जी सदस्यों के समक्ष सरस्वती नदी के विकास, संरक्षण और चल रहे कार्यों को लेकर विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान सभी सदस्यों ने सरस्वती नदी की सफाई, स्वच्छ पानी के बहाव और अन्य विषयों को लेकर अपने सुझाव दिए। धुमन सिंह किरमच ने बताया कि सरस्वती नदी में स्वच्छ और निर्माण पानी की धारा के बहाव, स्वच्छता को लेकर केंद्र और प्रदेश सरकार लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पवित्र सरस्वती नदी के घाट अब फिर से पुनर्जीवित होंगे और वहां पिंडदान और तर्पण का कार्य फिर से शुरू होगा।

### कल से शुरू होगा कार्यक्रम

कल गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर पिपली सरस्वती घाट पर पहला तर्पण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह परंपरा आने वाले दिनों में सरस्वती के सभी घाटों पर शुरू होगी जो लगातार जारी रहेगी जहां किसी सरस्वती के घाट पर पहले भी पिंडदान और तर्पण हुआ करते थे और वह आज के दिन आलोक हो गए हैं वहां भी यह परंपरा शुरू की जाएगी। और जिन घाटों पर ये परम्परा जारी है, उन घाटों को भव्य रूप दिया जाएगा। धुमन सिंह किरमच ने कहा कि सरस्वती नदी की पवित्रता और स्वच्छता बरकरार रखने हेतु इसे जन आंदोलन का रूप दिया जाएगा। जनता सरस्वती नदी में गंदगी न डाले, सरस्वती के प्रति लोगों की आस्था और श्रद्धा और बढ़े, इस उद्देश्य से शिक्षण संस्थानों और अन्य स्थानों पर सेमिनार भी आयोजित किए जाएंगे। बैठक में समिति के सदस्य हरीश अरोड़ा, गौरव भट्ट, कृष्ण धमीजा, डॉ. राजेश वधवा, विनोद जिंदल, दीपक चौहान, बलविंदर सिंह, रमेश सैनी, प्रदीप रोशा, अमित रोहिला , श्याम सैनी मोनू बाहरी, आकाश अग्रवाल हिरमी के कार्यकारी अभियंता अरविंद कौशिक, एक्सएन नवतेज सिंह आदि मौजूद रहे।

## बच्चों के लिए हर सरकारी स्कूल में आंवला और अमरूद के लगेंगे पौधे : नेहा सिंह

- उपायुक्त ने जिला टॉस्क फोरस कमेटी की अलग-अलग बैठकों को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि बच्चों में विटामिन सी की कमी को दूर करने के लिए हर सरकारी स्कूल में आंवला और अमरूद के पेड़ लगाने के लिए काम करना होगा। इस योजना से बच्चों में प्राकृतिक तरीके से विटामिन सी की कमी को पूरा किया जाएगा। जब विटामिन सी की कमी पूरी होगी तो बच्चों में खून की कमी भी अपने आप दूर हो जाएगी। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सरकारी व निजी स्कूलों के प्रबंधकों, विद्यार्थियों के साथ-साथ आम नागरिकों को खून की कमी को पूरा करने के प्रति जागरूक करना होगा ताकि कुरुक्षेत्र में कोई भी व्यक्ति एनीमिया से ग्रस्त ना हो सके। उपायुक्त नेहा सिंह मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में स्वास्थ्य विभाग की एनीमिया मुक्त भारत के तहत जिला समन्वय कमेटी व टीकाकरण को लेकर जिला टॉस्क फोरस कमेटी की अलग-अलग बैठकों को संबोधित कर रही थी। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि एनीमिया और टीकाकरण को लेकर स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ अन्य विभागों की रिपोर्ट संतोषजनक नहीं है। इसलिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को धरातल पर रहकर ईमानदारी के साथ अपनी ड्यूटी निर्वाह करने की जरूरत है।

# जीएनजी ग्रुप ऑफ कॉलेज के ट्रस्टियों पर धोखाधड़ी की एफआईआर के आदेश

- डीएसपी बोले, दोबारा ली कानूनी सलाह
- तीन शिकायतों पर विभागीय अधिकारियों को दिए कार्रवाई के निर्देश

### मंत्री रणबीर गंगवा ने 13 शिकायतों पर सुनवाई कर दस का किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला




अंबाला। पंचायत भवन में लोगों की शिकायतें सुनते मंत्री रणबीर गंगवा।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी व लोक निर्माण (भवन व सड़कें) मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने मंगलवार को अंबाला शहर के पंचायत भवन के सभागार में आयोजित जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने मीटिंग में रखी गई 13 शिकायतों पर सुनवाई की। 10 का समाधान मौके पर ही किया गया। 3 शिकायतों पर विभागीय अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। इससे पहले कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कष्ट निवारण समिति के नवनियुक्त सभी सदस्यों को बधाई दी। कहा कि सभी जिला प्रशासन के साथ मिलकर लोगों की समस्याओं को दूर करने में भूमिका निभाएं। इस मौके पर उपायुक्त अजय सिंह तोमर, पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत, भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश बतौरा, पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा सहित कष्ट निवारण समिति के गैर सरकारी सदस्य व प्रशासनिक अधिकारीगण मौजूद रहे। गंगवा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक में एजेंडे में रखी 13 शिकायतों पर सुनवाई करने की बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि सभी अधिकारी अपने कार्य को ईमानदारी से करें। यदि किसी की भी किसी कार्य में कोई लापरवाही या कोताही सामने आई तो कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान एक मामले में नगर निगम को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

### इन शिकायतों पर हुई सुनवाई

रत्ननेड़ी गांव की निर्मला देवी ने दी शिकायत में बताया कि उसने एक प्लाट 4 लाख 80 हजार रूपए में खरीदा था। उसे प्लाट पर कब्जा लेकर उस पर बलियां लगा दी थी। उसके बाद उसका पति बीमार हो गया जिस कारण प्लाट पर नहीं जा सके। उसने आरोप लगाया कि उस प्लाट पर किसी अन्य ने कब्जा कर लिया है। इस शिकायत पर मंत्री ने नगर परिषद सचिव को मुआयना कर रिपोर्ट नगर निगम आयुक्त को सौंपने के आदेश दिए। हिसार की ओम वेलफेयर सोसायटी के प्रधान पुनीत गोयल ने अपनी शिकायत में कहा कि गुरुनानक ग्रुप ऑफ कॉलेज के त्रिलोचन सिंह, कमलजीत कौर व अन्य ट्रस्टियों ने अपनी देनदारियों के लिए उसकी सोसायटी में प्रवेश किया था। गोयल का आरोप है कि इन लोगों ने एमओयू करते हुए सोसायटी में 11 करोड 50 लाख का गबन किया है। इस मामले में डीएसपी नारायणगढ सूरज चावला ने मंत्री को अवगत करवाया कि इस मामले में दोबारा से कानूनी सलाह ली गई है। मंत्री ने कहा कि इस मामले में एमओयू के बाद दोबारा से किसी अन्य को देना गलत है। इस मामले में जिन भी लोगों की संलिप्तता पाई जाती है उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करते हुए कार्रवाई की जाए। गांव बलाना के बलविन्द्र सिंह व अन्य ने अपनी शिकायत में कहा कि बलाना से हुमांयुपुर कच्चे रास्ते पर कोई पुलिया या पाइप नहीं दिया गया है जिससे खेतों में जल भराव हो जाता है। बरसात के बाद कई दिन तक खेतों में पानी खड़ा रहता है। बरसाती पानी की कोई निकासी नहीं है। इस मामले में एनएचएआई से अधिकारी ने बताया कि पाइप डाल दिए गए हैं। प्रार्थी ने कहा कि जहां पर उसने पाईप डालने के लिए आग्रह किया था वहां पर पाइप नहीं डाले गए हैं। इस मामले में कैबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रार्थी को साथ लेकर दोबारा से जगह का मुआयना करें। र जो भी पानी निकासी की व्यवस्था हो सकती है उसे करें।

शालीमार कॉलोनी की चंचल रानी ने अपनी शिकायत में कहा कि उसके पड़ोसी ने घर के बाहर सडक़ पर टॉयलेट टैंक बना हुआ है। उसमें सफाई नहीं हुई है। जिसके कारण बदबू व उसके घर के कमरों में सीलन आ गई है। इस मामले में बैठक के दौरान नगर निगम द्वारा प्रार्थी का संतुष्टि जाहिर करने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया। हालांकि विभाग की ब्रांच का कोई कर्मचारी मौजूद न होने पर मंत्री ने नराजगी जताते हुए कहा कि इस मामले में जिसकी भी लापरवाही है उसे कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए। बलदेवनगर के नरेश कुमार कश्यप ने अपनी शिकायत में कहा कि राज विहार कॉलोनी बरनाला रोड पर एक शराब का ठेका खोला हुआ है। उसका आरोप था कि वह सरकारी रिकार्ड में नहीं है जिससे महिलाओं व बच्चों के साथ-साथ स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों के साथ-साथ आने जाने वाले लोगों को काफी परेशानी होती है। उसका आरोप यह भी था कि खुले में लोग शराब पीते है। इस मामले में आबकारी विभाग के डीईटीसी ने बताया कि यह ठेका पोलिसी अनुसार खुला हुआ है। वह सभी मापदंड है वह पूरा करता है। स्कूल भी इस ठेके से दूर है। मंत्री ने पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिए कि कोई भी ठेके के बाहर खुले में शराब न पी पाए। इसके लिए पुलिस जरुरी कार्रवाई करे।

#### जोहड पर किया हुआ कब्जाः सलिंद्र

गांव बलाना के सलिंद्र सिंह ने बताया कि गांव का जो जोहड है उस पर कुछ लोगों ने नजायज कब्जा किया हुआ है। इसके साथ-साथ जो पंचायती नाला है उस पर भी कुरडियां व गोबर गिराकर उसको बंद कर दिया है जिसके चलते पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले में मंत्री ने विभाग को निर्देश दिए कि जो भी खाली जगह है वहां पर यदि किसी ने अस्थाई कब्जा किया हुआ है उसे वहां से हटवाते हुए वहां पर तारबंदी करवाएं और नाले की सफाई करवाना सुनिश्चित करवाएं। गांव मोहडा के संदीप कुमार, जसविंद्र सिंह व अन्य ने बताया कि जो नाला उनके घरों व दुकानों से जा रहा था और उसमें पानी सुचारू रूप से चल रहा था लेकिन गांव के कुछ लोगों ने उस नाले को क्षतिग्रस्त कर दिया है। यह नाला तकनीकी अनुसार भी नहीं बना है। इस मामले में सीईओ जिला परिषद ने बताया कि उक्त जगह का निरीक्षण किया गया है। लगभग 300 फुट नाला तकनीकी अनुसार भी नहीं बना है। उन्होंने यह भी बताया कि इस मामले में जांच करते हुए ग्राम सचिव को कारण बताओ जारी करते हुए उससे रिकार्ड भी तलब किया गया है। गांव चौड़मस्तपुर के बलजिंद्र सिंह ने शिकायत में बताया कि 23 मई 2025 को गांव के ही रहने वाले सोहन सिंह व अन्य ने उसके साथ उसकी दुकान पर आकर मारपीट की व उसकी चेन के साथ-साथ पंचायती बोली के जो रूपए थे वह छीन लिए। इस मामले में पुलिस विभाग से आए जांच अधिकारी ने बताया कि इस मामले में संलिप्त पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। चेन छीनने से संबंधित कोई साक्ष्य सामने नहीं आए हैं। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि उसे धमकाया जा रहा है। इस मामले में उन्होंने एसपी को कहा कि इस मामले को देखें। एसपी ने कहा कि यदि आरोपी बेल पर हैं। यदि वह प्रार्थी को धमका रहे हैं तो उनकी बेल रद्द हो सकती है। नारायणगढ़ के गांव कल्याणा के बलवंत सिंह ने बताया कि उसकी गांव में कृषि योग्य भूमि है। उसके भाईयों ने उस पर कब्जा किया हुआ है। इस मामले में कैबिनेट मंत्री ने एसडीएम को निर्देश दिए कि तहसीलदार कोर्ट में इस केस को डलवाकर जल्द से जल्द इसका फैसला करवाएं ताकि प्रार्थी को उसकी हिस्से की जमीन मिल सके।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल, एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम शाश्वत सांगवान, एसडीएम शिवजीत भारती, नगराधीश अभिषेक गर्ग, सीईओ जिला परिषद गगनदीप सिंह, नगर निगम की संयुक्त आयुक्त अदिति, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त पुनीत कुमार, आरटीए सुशील कुमार भी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### हजारों के बीपीएल कार्ड काटे, अब लोग परेशान

**अंबाला।** जिला में लोगों के बीपीएल राशन कटने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। करीब 14 हजार लोगों के बीपीएल राशन कार्ड कट चुके हैं। परेशान लोग रोजाना नगर परिषद में परिवार पहचान पत्र कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। पीपीपी में किसी की आय का सत्यापन नहीं है तो किसी की आईडी में चार पहिया की गाड़ी दिखा दी है। टुंडला के दिलवर ने बताया कि उनका बीपीएल राशन कार्ड कट गया है। जब वह पीपीपी कार्यालय में आए तो पता चला कि उनके परिवार पहचान पत्र में आय सत्यापित नहीं है। जिसके कारण राशन कार्ड कट गया।

### चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी भोलेनाथ को गिरफ्तार किया है। पुलिस अब आरोपी से रिमांड के जरिए पूछताछ कर रही है। रेलवे रोड के रहने वाले नितिन कुमार ने 23 जून 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 1 मई 2025 से 14 मई 2025 के दौरान आरोपी भोलेनाथ ने उसके घर से सोना जेवरात व मोबाइल चोरी किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### हमले का आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज मारपीट कर चोट पहुंचाने के मामले में पुलिस ने आरोपी सुखवंत सिंह, दिलबाग सिंह व दिव्यांशु को गिरफ्तार किया है। मुलाना के पलविंद्र सिंह ने 4 जुलाई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपियों ने अन्य के साथ मिलकर उससे तथा उसकी पत्नी से मारपीट कर उन्हें चोट पहुंचाई है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### 55 हजार रूपये नकदी बरामद

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज भैंस चोरी के मामले में सीआईए-1 ने आरोपी इस्तखार उर्फ तारा व मुस्कीम को गिरफ्तार किया है। रिमांड के दौरान पुलिस ने आरोपियों से 55 हजार रुपये की नकदी जब्त की है। नारायणगढ़ माजरा के रहने वाले तेजिंद्र कुमार ने 7 जून 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 13 मार्च 2025 की नारायणगढ़ माजरा में स्थित उसके घर से आरोपियों ने उसकी भैंस चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### कैशलैस स्कीम के तहत होगा मरीजों का उपचार

**कुरुक्षेत्र।** जिला सिविल सर्जन डा. सुखबीर सिंह ने कहा भारत सरकार द्वारा जारी राजपत्र संख्या 1971 व 5 मई 2025 के अनुसार अगर कोई भी व्यक्ति जो किसी भी सड़क पर मोटर यान के प्रयोग से हुई दुर्घटना से पीड़ति है तथा ऐसी दुर्घटना की तारीख से अधिकतम सात दिन की अवधि के लिए किसी भी नाम निर्दिष्ट अस्पताल (एबी इम्पैनल अस्तपाल) में प्रति पीड़ति 1 लाख 50 हजार रुपए तक की राशि के नकदी रहित उपचार किया जाएगा। जिला सिविल सर्जन डा. सुखबीर सिंह ने कहा कि अगर किसी अस्पताल में ऐसे पीड़ितों के केस आते हैं तो उनका इलाज कैशलैस होगा।

# चातुर्मास उत्सव की शुरुआत 10 से

- साध्वी रत्ना सुवृद्धि व सात्विक के सान्निध्य में होगा नवकार जाप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

आगामी 10 जुलाई को समता विभूति गुरूणीवर्या श्री सुचेता महाराज की सुशिष्या साध्वी रत्ना सुवृद्धि और साध्वी सात्विक के पावन सान्निध्य में चातुर्मास का शुभारंभ हर्षोल्लास और आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन एसएस जैन सभा द्वारा जैन स्थानक में किया जाएगा। इस अवसर पर जैन धर्मावलंबियों द्वारा सुबह 6 बजे से लगातार 24 घंटे तक महा नवकार मंत्र का अखंड जाप किया जाएगा। यह समस्त जीवों के कल्याण और आत्मशुद्धि के उद्देश्य से किया जाता है। जैन सभा के प्रवक्ता श्रीपाल जैन ने



प्रवक्ता श्रीपाल जैन

बताया कि चातुर्मास काल के दौरान साध्वी रत्ना सुवृद्धि व साध्वी सात्विक प्रतिदिन सुबह 8:15 से 9:15 बजे तक प्रवचन के माध्यम से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ज्ञान की गंगा से लाभांवित करेंगी। इन प्रवचनों में जैन दर्शन, आत्ममंथन, जीवन शैली में संयम और सत्कर्मों के महत्व पर प्रकाश डाला जाएगा। जैन समाज में इस आयोजन को लेकर उत्साह का वातावरण है और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होंगे है। आयोजकों ने सभी धर्मप्रेमियों से समय पर पहुंचकर इस पावन आयोजन का लाभ उठाने की अपील की है।

# लोन दिलवाने की एवज में फर्जी दस्तावेज तैयार करने वाला काबू

**अंबाला।** लोन दिलवाने के बहाने जलबेड़ा गांव के जसविंद्र सिंह के फर्जी दस्तावेज व स्टाम्प पेपर तैयार करने वाले को तोपखाना पुलिस ने काबू कर लिया। आरोपी की पहचान शाहबाद के किशनगढ़ निवासी नवजोत सिंह के रूप में हुई। पूछताछ में पता चला कि आरोपी पर शाहाबाद में भी तहसीलदार की शिकायत पर मामला दर्ज है। उस मामले में आरोपी का प्रिंटर व लैपटॉप दोनों ही जब्त पड़े हैं। इसलिए आरोपी को रिमांड में न लेकर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने लोन दिलवाने की एवज में आरोपी के खिलाफ फर्जी दस्तावेजों तैयार करने का आरोप है।

# गाड़ी संख्या 64512 और 64563 के अंबाला में देरी से आने से यात्रियों को हुई परेशानी

- गाड़ी संख्या 64512 को 1 घण्टे तक बाहर रोके रखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

बीते रोज अंबाला रेलवे स्टेशन पर उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया जब गाड़ी संख्या 64512 (हरिद्वार से अबदौरा) और गाड़ी संख्या 64563 (रायपुर हिसार से चंडीगढ़) अपने निर्धारित समय से काफी देरी से अंबाला पहुंचीं। समय पर यात्रा की उम्मीद लगाए सैकड़ों यात्री प्लेटफॉर्म पर घंटों इंतज़ार करते रहे जिससे उन्हें खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। गाड़ी संख्या 64512 जो सामान्यतः शाम को 5:45 बजे अंबाला से हरिद्वार के लिए रवाना होती है वह लगभग डेढ़ घंटे की देरी से अम्बाला से चली। वहीं गाड़ी संख्या 64563 जो सुबह के समय 07:30 बजे अंबाला पहुंचती है वह भी लगभग तीन घंटे की देरी से अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन पहुंची। दैनिक यात्रियों राजीव, पवन, शैंकी, सतीश ने बताया कि गाड़ी संख्या 64512 की तो न तो समय पर कोई उद्घोषणा की गई और न ही किसी अधिकारी की ओर से देरी का कोई स्पष्ट कारण बताया गया। यात्रियों ने बताया कि वह प्रतिदिन अंबाला से बराड़ा और अंबाला से चंडीगढ़ जाते है लेकिन लगभग हर रोज़ दोंनो गाड़ियां अंबाला से लेट ही चलती है। लेट चलने वाली गाड़ियों की वजह से लोग सुबह ऑफिस लेट पहुंचे और वापिसी में घर भी देरी से पहुंचे। रेलवे की और से गाड़ी संख्या 64512 के बारे में कोई भी जानकारी भी नहीं दी गई कि गाड़ी कब अंबाला में प्लेटफार्म पर आएगी। इस गाड़ी को लगभग 1 घंटे तक आउटर पर ही रोक के रखा गया। गाड़ी संख्या 64512 में अपने बच्चों के साथ सफर कर रही पूजा शर्मा यात्री, ने कहा, "बच्चे भूख- प्यास और गर्मी से बेहाल हो गए। गाड़ी के समय को लेकर बहुत असमंजस रहा। अगर पहले से जानकारी दी गई होती तो हम वैकल्पिक व्यवस्था कर सकते थे।" गाड़ी प्लेटफार्म नंबर 3 पर आने के बाद भी काफी समय तक स्टेशन पर ही खड़ी रही। जिससे दैनिक यात्री व अन्य सवारियां परेशान हो गए। एक बार ट्रेन आने की सूचना प्लेटफार्म नंबर 1 की दी गयी तो कुछ ही मिनटों में प्लेटफार्म नंबर 3 पर ट्रेन की आने की सूचना दी गयी। ऐसे में यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

यात्रियों की इस परेशानी के बाद भी रेलवे की ओर से कोई स्पष्ट सूचना नहीं दी गई।



# विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

**चंडीगढ़।** शासकीय उच्च विद्यालय, सेक्टर 41-डी, चंडीगढ़ में एक विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जो कारगिल युद्ध के अमर वीर, शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा की पावन स्मृति को समर्पित था। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं स्टाफ तथा वर्ल्ड हिमाचल ऑर्गनाइजेशन के सहयोग से किया। इस अवसर पर श्रीमती आशा जयसवाल, श्री अमित राणा, एवं अन्य सम्माननीय पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। पर्यावरण संरक्षण गतिविधि, चंडीगढ़ के संयोजक डॉ. प्रदीप कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए वृक्षारोपण, कचरा प्रबंधन (वेस्ट मैनेजमेंट) और विद्यालयों व कॉलेजों में पर्यावरणीय जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में इस प्रकार की गतिविधियां चंडीगढ़ के विभिन्न स्कूलों की जाएंगी। "ये दिल मांगे मोर" कैप्टन बत्रा के यह प्रेरणादायक शब्द आज भी नई पीढ़ी के भीतर देशभक्ति, साहस और समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना जगाते हैं। यह आयोजन न केवल शहीद को एक हरित श्रद्धांजलि थी, बल्कि एक सतत पर्यावरणीय आंदोलन की ओर एक सशक्त कदम भी उनकी विरासत को जीवित रखें एक पौधे के साथ, एक संकल्प के साथ।

# सीईआई और एमवीआई के लिए आ रही थी सिफारिश, फ्लाइंग को जांच का भेजा लेटर

- पूर्व मंत्री निर्मल सिंह ने विज से की मुलाकात, हाल जानकर जल्द स्वस्थ होने की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि ऊर्जा विभाग में चीफ इलेक्ट्रिक इंस्पेक्टर (सीईआई) व परिवहन विभाग में मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर (एमवीआई) पदों पर जांच के लिए सीएम फ्लाइंग को लेटर भेजा है। इन पदों पर काफी लूटपाट के कार्य होते हैं।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि जब से उनके पास ऊर्जा और परिवहन विभाग आए हैं तब से रोजाना उनके पास ऊर्जा विभाग में चीफ इलेक्ट्रिक इंस्पेक्टर व परिवहन विभाग में मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर के पद पर ट्रांसफर के लिए काफी सिफारिशें आ रही हैं। उन्होंने बताया कि जांच करने पर पता चला कि इन दोनों पदों पर अत्यंत लूटपाट है इसलिए उनके द्वारा मुख्यमंत्री जी के फ्लाइंग स्क्वाड को छापा मारने के लिए पत्र लिखा गया है।

उन्होंने कहा कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव का कहना है कि दोनों गुजराती मिलकर 8 करोड़ बिहारियों के वोट का अधिकार छीन रहे हैं। इन गुजरातियों को बिहार संविधान और लोकतंत्र से सख्त नफरत है के सवाल के जवाब में तंज कसते हुए मंत्री ने कहा कि पता नहीं लालू के दिमाग से क्षेत्रवाद कब जाएगा? क्या बिहार आपका खानदानी हो गया? उन्होंने कहा कि हर आदमी का हर प्रदेश में चुनाव लड़ने का बराबर का अधिकार है। विज ने तंज कसते हुए हास्य अंदाज में कहा कि "हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से डर गए लालू जी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा भ्रष्ट सरकार है। विज ने कहा कि सुरजेवाला को चारों तरफ काला ही काला नजर आता है। अंधेरा दिखाई देता है।

# स्कूल को दो नए कंप्यूटर दान करने की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज. शाहबाद

रोटरी रॉयल, शाहबाद मारकंडा ने श्रीगुरु नानक प्रीतम गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल को दो नए कंप्यूटर दान करने की घोषणा की। यह पहल शिक्षा को सशक्त बनाने और छात्रों के लिए डिजिटल अंतर को पाटने के लिए रोटरी रॉयल की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रोटेरियन मोहिंदर पाल गुप्ता, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर नॉमिनी उपस्थित रहे। रोटेरियन गुप्ता ने जोर दिया कि जब तक क्लब में नई पीढ़ी नहीं आएगी, तब तक हम तरक्की नहीं कर सकते। उन्होंने सुझाव दिया कि पुराने रोटेरियन को अब क्लब की बागडोर नई पीढ़ी के हाथों में देनी चाहिए, ताकि वे अपनी ऊर्जा का उपयोग कर क्लब को नए आयामों तक ले जा सकें। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि रोटरी डिस्ट्रिक्ट इस क्लब के साथ पूरा सहयोग करेगा। उनके साथ श्रीगुरु नानक प्रीतम गर्ल्स स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती दीपांश कौर, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रमनदीप सिंह, प्रबंधन समिति की सदस्य तविंदर कौर, स्कूल का समस्त स्टाफ और छात्राएं भी मौजूद थीं।

# गाजे-बाजे के साथ शादी के माहौल में हुआ 'सरबाला जी' का दमदार ट्रेलर लॉन्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मोहाली

पंजाबी गीतों की तरह जब कोई कहानी सीधी दिल में उतर जाए, जब उसमें रिश्तों की मिठास हो, अपनेपन की गर्माहट हो और ज़िंदगी की सच्चाई हो, तब वह सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि एक एहसास बन जाती है। 'सरबाला जी' भी ऐसी ही कहानी है, जो पंजाब की मिट्टी, उसकी महक और उसके जज़्बातों को बड़े पर्दे पर जिंदा कर देती है। सोमवार को 'द मोहाली क्लब, विंडहैम' में फिल्म का ट्रेलर लॉन्च किया गया, जहाँ फिल्म की पूरी टीम मौजूद रही। इस मौके पर गिप्पी ग्रेवाल, एमी विर्क, सरगुन मेहता, निमरत खैरा, गुग्गू गिल, गिरीश कुमार, निर्देशक



मंदीप कुमार और निर्माता कुमार तौरानी ने मीडिया से रूबरू होकर फिल्म से जुड़ी बातें साझा कीं। सरबाला जी 1930 के दौर की पृष्ठभूमि पर बनी एक मज़ेदार फिल्म है, जिसकी कहानी दो चचेरे भाईयों सुचा और गज्जन सिंह तथा गज्जन और पयारो की अनोखी शादी के इर्द-गिर्द घूमती है। एक तरफ शर्मीले गज्जन हैं, जिन्हें शादी का नाम सुनते ही पसीना आ जाता है, तो दूसरी ओर पयारो हैं, जो लड़कों जैसे तेवर और मजबूत इरादों वाली लड़की है। पूरी कहानी तो फिल्म देखने के बाद ही पता चलेगी, जिसकी दमदार झलक ट्रेलर लॉन्च के कार्यक्रम में भी देखने को मिली, जब गाजे-बाजे और बारात के साथ सभी शादी के रंग में रंगे हुए दिखे।

### आरोपियों से 1.55 लाख की नकदी, 8 मोबाइल, 10 चेकबुक, 7 पासबुक व जाली मोहरें बरामद

# साइबर ठगी पर पुलिस का कड़ा प्रहार, छह गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

साइबर ठगों पर भी पुलिस नकेल कस रही है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए छह आरोपियों को काबू किया है। साइबर थाने में दर्ज आर्नलाइन धोखाधड़ी मामले में पकड़े गए आरोपियों से पुलिस ने 1 लाख 55 हजार 500 रूपये नकदी, 8 मोबाइल, 10 चेकबुक, 7 पासबुक व जाली मोहरें बरामद की हैं। वांछित आरोपी हर्षवर्धन सिंह, रूप सिंह निवासी जोधपुर राजस्थान व अशोक, संजय कुमार



अंबाला। साइबर ठगी में पकड़े गए आरोपी।

वासी गांव खरा थाना फलौदी राजस्थान, बीरबल सारन वासी सांडवा तहसील विद्यासर राजस्थान व तनसुख सियाक वासी गांव नारवा कल्ला नागौर राजस्थान को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों को रिमांड पर लिया है। प्रबंधक थाना साइबर ने बताया कि डिफेंस कॉलोनी के हेमंत कुमार ने 6 जनवरी 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 14 दिसंबर 2024 से 31 दिसंबर 2024 के दौरान आरोपियों ने ऑनलाइन बैंक चार्जिंग कटवाने के मामले में उसे झांसा देकर अपनी बातों में फंसाकर उससे 24 लाख 60 हजार रूपये ठग लिए है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस लगातार कार्य कर रही थी। साइबर पुलिस ने तकनीकी संसाधनों का उपयोग करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे नकदी, मोबाइल व अन्य सामान बरामद किया है। अब पूरे मामले को खंगालने के लिए जांच टीम आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है।